व्यापार और व्यवसाय से जोड़ेगी 'उड़ान'

जायस | हिन्दुस्तान संवाद

राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रोद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एसके सिन्हा ने बताया कि 'उड़ान' अमेठी परियोजना के अंतर्गत एक व्यावसायिक योजना प्रतियोगिता है।

अमेठी जिले के लोगों को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना है एवं उनके नवाचार के विचारों हेतु एक मंच प्रदान करना है। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित कर उनके विचार को एक सफल व्यापार का रूप प्रदान करने के लिए सहयोग करना है। आरजीआईपीटी व्यापार की प्रगति के लिए सरकारी संस्थाओं जैसे-बैंक, उद्योगों से संबंध बनाने में सहायता प्रदान करेगी। अमेठी जिले के विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं। उनके अलावा 35 वर्ष से कम आयु और इंटरमीडिएट पास अमेठी जिले के ऐसे सभी निवासी जिनमें गृहणियां भी सम्मलित हैं, जो किसी विद्यालय में नहीं पढ़ रहे हैं, प्रतिभाग कर सकते हैं।

सोमवार को आरजीआईपीटी जायस में कार्यक्रम की जानकारी देते निदेशक

आरजीआईपीटी में पढ़ रहे विद्यार्थियों को व्यवसाय योजना प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उनकी योजना पुरस्कार की श्रेणी में नहीं सम्मलित होगी। उड़ान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवाओं को पहला इनाम 10,000 रुपए दूसरा इनाम 5,000 रुपए और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 3,000 रुपए की धनराशि पुरस्कार के रूप में देगी।